उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1937
( दिनांक : 16 मार्च, 2016 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।
3. निधन के निदेश।
4. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 25 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य सूचना आयोग के वर्ष 2011-2012 एवं 2013-2014 के वार्षिक प्रतिवेदन को (ए0टी0आर0 सहित) सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
6. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा "जनपद ऊधमसिंहनगर के नगर पालिका क्षेत्र खटीमा में एक वाचनालय खोले जाने के सम्बन्ध में" श्री अमित कुमार पाण्डे, जिला महामंत्री भा0ज0यु0मो0, निवासी नगर पालिका क्षेत्र खटीमा जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर के पट्टी सकलाना में ग्राम भरवाकाटल एवं ग्राम श्रीपुर (कुमाल्डा) में सिंचाई कर के सम्बन्ध में" श्री जगदीश दास, निवासी ग्राम प्रधान भरवाकाटल, पो0 कुमाल्डा जौनपुर, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत नौगॉव में पेयजल समस्या के निदान के सम्बन्ध में" श्री सुन्दर सिंह रौतेला, निवासी ग्राम नाघर, पो0 दोफाड, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
9. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकास खण्ड गरुड़ के ग्राम पंचायत भेटा कुटोलिया का नाम संशोधित कर ग्राम पंचायत का नाम भेटा गूंठ कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री पवन कुमार लोहुमी, निवासी ग्राम व पो0 भेटा तहसील गरुड़, विकास खण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के ग्राम ससोला हथरसिया के बीच (सिमकुना) में ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र का भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ करने एवं कक्षा संचालन कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री पीताम्बर पन्त, निवासी ग्राम हथरसिया (विजयपुर), जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के ग्राम पंचायत खन्तोली में ए0एन0एम0 केन्द्र स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में" श्री एन0सी0 पन्त, निवासी ग्राम व पो0 खन्तोली, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत पन्द्रहपाली में पेयजल योजना के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में" श्री रमेशचन्द्र सिंह हरडिया, निवासी ग्राम व पो0 पन्द्रहपाली, तहसील एंव जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत नौगांव प्रथम में प्राथमिक विद्यालय के जीर्ण-शीर्ण भवन के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री सुन्दर सिंह रौतेला, निवासी ग्राम नागर व पो0 दोफाड़, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत सिलाटी बनैगांव में कृषि भूमि को सिंचित करने हेतु सिंचाई व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में" श्री सूरज कुमार, निवासी ग्राम व पो0 उपराड़ा तहसील काण्डा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत हडबाड़ के तोक ठाडीगाड में विद्युतीकरण किये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती तारा देवी, निवासी ग्राम् व पो0 हडबाड़, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिक उपस्थित करेंगे।

16. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

17. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

18. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

19. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जोत चकबन्दी विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

20. कृषि मंत्री, उत्तराखण्ड पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जोत चकबन्दी विधेयक, 2016 को पुरःस्थापित करेंगे।

21. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

22. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री बंशीधर भगत,<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>9. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,<br>11. श्री चन्द्रशेखर,<br>12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,<br>13. श्री गणेश जोशी,<br>14. श्री मालचन्द,<br>15. श्री पुष्कर सिंह धामी,<br>16. श्री राजेश शुक्ला,<br>17. डा0 प्रेम सिंह राणा,<br>18. श्री राजकुमार ठुकराल,<br>19. श्री महावीर सिंह रांगड़,<br>20. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,<br>21. श्री आदेश चौहान,<br>22. स्वामी यतीश्वरानन्द,<br>23. श्री दलीप सिंह रावत,<br>24. श्री पूरन सिंह फर्त्याल। | "उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

23. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

24. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री बंशीधर भगत,<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा, | "उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर (संशोधन) विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

9. श्री अरविन्द पाण्डे,
10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,
11. श्री चन्द्रशेखर,
12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,
13. श्री गणेश जोशी,
14. श्री मालचन्द,
15. श्री पुष्कर सिंह धामी,
16. श्री राजेश शुक्ला,
17. डा0 प्रेम सिंह राणा,
18. श्री राजकुमार ठुकराल,
19. श्री महावीर सिंह रांगड़,
20. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,
21. श्री आदेश चौहान,
22. स्वामी यतीश्वरानन्द,
23. श्री दलीप सिंह रावत,
24. श्री पूरन सिंह फर्त्याल।

25. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड परिवहन और नागरिक अवस्थापना उपकर (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

26. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री बंशीधर भगत,<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>9. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,<br>11. श्री चन्द्रशेखर,<br>12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,<br>13. श्री गणेश जोशी,<br>14. श्री मालचन्द,<br>15. श्री पुष्कर सिंह धामी,<br>16. श्री राजेश शुक्ला,<br>17. डा0 प्रेम सिंह राणा,<br>18. श्री राजकुमार ठुकराल,<br>19. श्री महावीर सिंह रांगड़,<br>20. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,<br>21. श्री आदेश चौहान, | "उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2016को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

22. स्वामी यतीश्वरानन्द,
23. श्री दलीप सिंह रावत,
24. श्री पूरन सिंह फर्त्याल।

27. कृषि मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

28. पेयजल मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियंत्रण) विधेयक, 2016 पर विचार किया जाय। **(30 मिनट)**

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री तीरथ सिंह रावत,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री बंशीधर भगत,<br>5. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>9. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>10. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना,<br>11. श्री चन्द्रशेखर,<br>12. श्री प्रेमचन्द अग्रवाल,<br>13. श्री गणेश जोशी,<br>14. श्री मालचन्द,<br>15. श्री पुष्कर सिंह धामी,<br>16. श्री राजेश शुक्ला,<br>17. डा0 प्रेम सिंह राणा,<br>18. श्री राजकुमार ठुकराल,<br>19. श्री महावीर सिंह रांगड़,<br>20. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर,<br>21. श्री आदेश चौहान,<br>22. स्वामी यतीश्वरानन्द,<br>23. श्री दलीप सिंह रावत,<br>24. श्री पूरन सिंह फर्त्याल। | "उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियंत्रण) विधेयक, 2016 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br><br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

29. पेयजल मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड भूगर्भ जल (विकास एवं प्रबन्धन का विनियमन एवं नियंत्रण) विधेयक, 2016 पारित किया जाय।

30. वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

31. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक :15 मार्च, 2016

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

प्रथम सत्र, 2016
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## बुधवार, 26 फाल्गुन, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 16 मार्च, 2016 )

नत्थी–''क''

स्थगित तारांकित प्रश्न

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2016 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
24.02..2015

*1 **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** राजस्व

क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के विकास खण्ड सहसपुर की ग्राम पंचायत चन्द्रबनी के निवासीगण जो ग्राम पंचायत के अन्तर्गत लगभग 70–75 वर्षों से निवास कर रहे हैं और कृषि योग्य भूमि का भी उपभोग कर रहे हैं ? क्या उक्त परिवारों को सरकार के स्तर से मालिकाना हक दिलवाये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नत्थी–"ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 03.02.2016 | *1. | **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाईन के निर्माण हेतु भारत सरकार द्वारा रू0 150 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है किन्तु उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अभी तक प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि हस्तान्तरित नहीं की गई है ? यदि हां, तो प्रस्तावित रेल लाइन के निर्माण हेतु भूमि कब तक हस्तान्तरित की जायेगी तथा भूमि हस्तान्तरित करने/करवाने की दिशा में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? | राजस्व |
| श्रीमती अमृता रावत 03.02.2016 | *2. | **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत वनग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1501/विधायक/18–राजस्व/2014–15 दिनांक 11 मार्च, 2015 के द्वारा मा0 मंत्री को लिखा गया है ? यदि हां, तो उक्त संदर्भित पत्र में प्रस्तुत तथ्यों के विवरण के क्रम में कब तक वनग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित किया जायेगा ? | राजस्व |
| श्री मदन कौशिक 03.02.2016 | *3 | **अन्य प्रदेशो से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त** क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में उत्तराखण्ड से संबंधित परिवारों को केन्द्र व अन्य प्रदेश द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 05.02.2016 | *4. | क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बिना मान्यता के कितने पॉलीटेक्निक कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है तथा इसमें कौन–कौन से ट्रेड संचालित हैं तथा कितने छात्र अध्ययनरत हैं ? यदि सरकार द्वारा इन कॉलेजों को मान्यता प्रदान नहीं की जा रही हैं तो सरकार द्वारा इन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए इन कॉलेजों को संचालित किये जाने के क्या कारण हैं तथा ऐसे कॉलेजों से अध्ययनरत छात्रों की डिप्लोमा कैसे प्रमाणित की जाती है ? यदि नहीं, तो प्रदेश में संचालित जनपदवार ऐसे पॉलिटेक्निक कालेजों के नाम एवं उसमें ट्रेड आधारित अध्ययनरत छात्रों की संख्या से सदन को अवगत करायेगी? | प्राविधिक शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्दन राम दास<br>05.02.2016 | *5. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्र सरकार द्वारा गेंहू, एवं चावल में खाद्यान्न कोटे में कटौती की गयी है ? यदि हां तो बी0पी0एल0 व ए0पी0एल0 में प्रदेश को गेहूं चावल का विगत 03 वर्षों में कटौती का तुलनात्मक विवरण के साथ प्रस्तुत करने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में कितना राशन प्रति व्यक्ति, प्रति यूनिट वितरण किया जा रहा है ? | खाद्य |
| श्री मदन कौशिक<br>05.02.2016 | *6 क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विधायकों/दायित्वधारियों के अतिरिक्त कितने लोगों को सम्पूर्ण गनर की सुविधा दी जा रही है ? क्या सरकार दिये गये गनर की सम्पूर्ण सूची सदन के पटल पर रखेगी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि जिला स्तर से कितने लोगों को गनर की सुविधा दी जा रही है तथा क्या इस संबंध में नीति भी स्पष्ट करेंगे? | गृह |
| श्री गणेश जोशी<br>05.02.2016 | *7 क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत हैं कि जिला योजना समिति के चुनाव में छावनी परिषद के निर्वाचित सभासदों को वोटिंग का अधिकार नहीं दिया गया है जिसके कारण प्रदेश की नौ छावनी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व जिला योजना समिति में नहीं हो पाता है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण उन क्षेत्रों में विकास की गति धीमी हो जाती है जबकि छावनी परिषद के अन्तर्गत के मतदाता विधान सभा चुनावों में मतदान करते हैं? क्या सरकार जिला योजना समिति के नियमों में बदलाव करके छावनी क्षेत्रों के निर्वाचित सभासदों को जिला योजना समिति में प्रतिनिधित्व दिलाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायतीराज |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>06.02.2016 | *8 **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम (बी0ए0डी0पी0) के अन्तर्गत प्रदेश के चिन्हित 09 विकासखण्डों में सीमान्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम किये गये हैं ? यदि हां, तो किस विकासखण्ड में कौन कौन से विकास कार्य संपादित कराये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.02.2016 | *9. क्या ग्रामीण अभियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा जिले अल्मोड़ा की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में कौन कौन से मोटर मार्गों का निर्माण कितनी कितनी लागत से किन किन ठेकेदारों से कराया गया है सम्बन्धी पूर्ण विवरण देने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि निर्माण के उपरान्त इनकी देख रेख कौन करेगा तथा इन मोटर मार्गों पर पड़ने वाली वन भूमि व वृक्षों के पातन हेतु कोई स्वीकृति ली गई थी? यदि हां, तो उनका पूर्ण विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण अभियन्त्रण |

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
06.02.2016

*10. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि मनरेगा के अन्तर्गत जॉब कार्ड धारकों के किये गये कार्य का भुगतान नियत समय पर किया जाना तथा भुगतान न होने की स्थिति में प्रचलित दरों पर ब्याज सहित भुगतान किया जाना प्रावधानित है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि प्रदेश के साथ साथ विधान सभा क्षेत्र सल्ट में भी मनरेगा के अन्तर्गत लगभग 7–8 माह के उपरान्त भी किये गये कार्य का भुगतान नहीं हो रहा है लाभार्थी विवश हैं ? क्या सरकार शीघ्र मनरेगा का भुगतान समय पर कराने हेतु कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ग्राम्य विकास

श्री चन्दन राम दास
07.09.2015

*11. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में उत्तराखण्ड आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण की प्रक्रिया जारी है ? यदि हां, तो जनपद बागेश्वर में लम्बित 352 आन्दोलनकारियों के चिन्हीकरण हेतु सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या अन्य जनपदों की भांति एल0आई0यू0 रिपोर्ट व अखबारों की कटिंग आदि को आधार मानकर बागेश्वर जिले में भी आन्दोलनकारियों का चिन्हीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह

श्री गणेश जोशी
06.02.2015

*12. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणित सड़कों के मुआवजे लाभार्थियों का कई वर्षों के बाद भी अभी तक नहीं दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रधानमंत्री ग्रम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों का निर्माण किया गया है ? (जनपदवार संक्षिप्त विवरण) और इसके सापेक्ष कितनी सड़कों को क्षतिपूर्ति प्रदान की जा चुकी है ? (जनपदवार संक्षिप्त विवरण) क्या सरकार प्रधानमंत्री ग्रम सड़क योजना के तहत अवशेष क्षतिपूर्ति को जल्द से जल्द वितरित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्रीमती अमृता रावत
08.02.2015

*13. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट की ग्राम पंचायत बहेड़ा की दिनांक 13 जून, 2015 की बैठक के कार्यवृत में पारित प्रस्तावों के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा ग्राम पंचायत बहेड़ा द्वारा पारित प्रस्तावों का क्रियान्वयन कब तक किए जाने की संभावना है ?

पंचायतीराज

श्री पुष्कर सिंह धामी
08.02.2015

*14. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा सम्पादित किये जा रहे राष्ट्रीय ग्राम सभा पुरस्कार, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि, ई–पंचायत से ग्राम सभाओं को लाभान्वित किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार तत्संबंधी पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

पंचायतीराज

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहदेव सिंह पुण्डीर 08.02.2015 | *15. | क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के विकास खण्ड सहसपुर की ग्राम पंचायत चन्द्रबनी वर्ष 2014 में अलग ग्राम पंचायत बनी है ? क्या सरकार के स्तर से इस ग्राम पंचायत के सीमांकन हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पंचायती राज** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 08.02.2015 | *16. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत मोटर मार्गों में से कुल कितने मोटर मार्गों की निर्माण की योजना को परिवर्तित कर राज्य सरकार द्वारा ग्राम सड़क योजना से कराये जाने की योजना है ? क्या राज्य सरकार के पास ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत धन की उपलब्धता अत्याधिक हो रही है जो सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्थान पर ग्राम सड़क योजना के तहत काम करा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में जिन मोटर मार्गों की वन भूमि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और जिनका निर्माण धन अभाव के कारण नहीं हो पा रहा है उन मोटर मार्गों का निर्माण ग्राम सड़क योजना द्वारा करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री गणेश जोशी 10.02.2015 | *17. | **स्थगित**<br>क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के माल्स में खोले गये सिनेमाघरों की कैंटीनों में खाद्य एवं पेय पदार्थों को अधिकतम बिक्री मूल्य से कई गुना अधिक में बेचा जाता है जिससे ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर जाने वाले लोगों को परेशानी होती है? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा किस आधार को लेते हुए सिनेमाघरों में खाद्य एवं पेय पदार्थों के अधिकतम बिक्री मूल्य से अधिक दामों में बेचे जाने पर भी लाईसेंस जारी किया जाता है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ऐसे सिनेमाघरों का सर्वेक्षण करके लाइसेंसों को निरस्त करेगी जिनके द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थों पर बिक्री मूल्य से अधिक में सामान को बेचा जाता है ? क्या सरकार ऐसे सिनेमाघरों में खाद्य एवं पेय पदार्थों पर बिक्री के लिए नीति निर्धारण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्री महावीर सिंह रागड़ 11.02.2016 | *18. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार रानीखेत, कोटद्वार, डीडीहाट एवं पुरोला जनपदों का गठन करेगी ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 11.02.2016 | *19. | क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चौदहवें वित्त आयोग, भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को धन उपलब्ध करा दिया गया है ? यदि हॉ, तो क्या इस धनराशि को ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व की भॉति ग्राम पंचायत की कार्य योजना के आधार पर व्यय किया जायेगा अथवा राज्य सरकार द्वारा उक्त धनराशि को व्यय किये जाने सम्बन्धी कोई आदेश हैं? यदि हॉ तो तत्सम्बधी विवरण क्या हैं? यदि नहीं तो क्यों? | **पंचायती राज** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश 16.02.2016 | *20. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के ग्राम चोली शहाबुद्दीनपुर, खुब्बनपुर आदि गांवों के किसानों की वर्षाकाल में उपजाऊ भूमि बह जाती है तथा उनको समस्या का सामना करना पड़ता है ? यदि हॉ , तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्रामों में बाढ सुरक्षा दीवार बनाने पर विचार करेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |

## <u>अतारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत 03.02.2016 | 1. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आपूर्ति कर रहे सस्ते गल्ले के खाद्यान्न को, सस्ते गल्ले की दुकान में आपूर्ति करने हेतु क्या विक्रेता को पूर्ण माप तोल कर दिया जाता है ? यदि नहीं, तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्री चन्दन राम दास 03.02.2016 | 2. क्या पंचायती राज मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के कठपुड़ियाछीना क्षेत्र के निवासियों द्वारा लम्बे समय से अलग विकासखण्ड की मांग करते हुए आन्दोलन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद बागेश्वर के कठपुड़ियाछीना को पृथक विकास खण्ड बनाये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पंचायतीराज** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 04.02.2016 | 3. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव वर्ष 2014 में जनपद चम्पावत के जिला पंचायत सदस्य के अपहरण के बाद उनकी बरामदगी के लिए किये गये जन आंदोलन में राष्ट्रीय राजमार्ग, कलेक्ट्रेट पर धरने प्रदर्शन में जनपद चम्पावत के 49 लोगों पर लगे गलत मुकदमे दर्ज किये गये थे ? क्या सरकार इन्हे जनहित में वापस लेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गृह** |
| श्री दलीप रावत 04.02.2016 | 4. **द्वितीय गुरूवार के अतारांकित 51 में स्थानान्तरित**<br>क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कण्व आश्रम (कलालघाटी) में झील निर्माण कार्ययोजना स्वीकृत है? यदि हां, तो झील निर्माण नहीं होने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री चन्दन राम दास 05.02.2016 | 05. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट तहसील के कुछ गांव जो बागेश्वर जनपद के नजदीक हैं को बागेश्वर जिले में मिलाने हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो मूनम, बडगेरी, सिरसोली, कोटली, नधर सहित अन्य गांव जो बागेश्वर जिले के नजदीक है को सरकार बागेश्वर जिले में मिलाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 05.02.2016 | 06. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में सिंचाई विभाग के खण्डों में पदोन्नति के बाद इन्जीनियरों व सहायक इन्जीनियरों के सापेक्ष कनिष्ठ अभियन्ता यांत्रिक के पदों में काफी कमी हो गई है ? यदि हां, तो क्या इन खण्डों में स्वीकृत कार्यों के निर्माण हेतु कनिष्ठ अभियन्ताओं के पदों की वृद्धि कर नियुक्ति की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री ललित फर्स्वाण 05.02.2016 | 07. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत रा0पॉलिटैक्निक कपकोट तथा काण्डा में प्रवक्ताओं एवं अन्य स्टाफ के पद लम्बे समय से रिक्त हैं जिस कारण संस्थान में पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 05.02.2016 | 08. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के तहसील गरूड़ के आवासीय भवनों के निर्माण एवं पेयजल हेतु धन आवंटित किया गया है ? यदि हां, तो कितना कितना धन आवंटित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री ललित फर्स्वाण 05.02.2016 | 09. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में ऐसे कितने मोटर मार्ग हैं जहां निविदायें आमंत्रित हो जाने के उपरान्त भी ठेकेदार कटिंग व डामरीकरण कार्य हेतु निविदाओं में प्रतिभाग नहीं कर रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र योजना बनाते हुए कार्य संपादित करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यो ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री ललित फर्स्वाण 05.02.2016 | 10. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में सरयू नदी की बाढ़ सुरक्षा हेतु मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा सं0 616/2012 के अनुक्रम में रू0 1248.71 लाख की योजना वर्ष 2013–14 में स्वीकृत की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि स्वीकृत योजना हेतु शासन से धनराशि अवमुक्त नहीं हो पायी है ? यदि हां, तो योजना हेतु स्वीकृत धनराशि कब तक अवमुक्त होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री गणेश जोशी 05.02.2016 | 11. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गढी कैंट क्षेत्र में सरकारी राशन की दुकानों की कमी के कारण क्षेत्रवासियों को काफी समस्याऐं होती हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार गढी कैंट क्षेत्र में राशन की दुकानों की संख्या बढाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 05.02.2016 | 12. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राजकीय पॉलिटैक्निक लोहाघाट में मैकेनिकल एवं इलैक्ट्रीशियन ट्रेड खोले जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार लोहाघाट पॉलिटेक्निक में नये ट्रेडों की स्थापना करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| सहदेव सिंह पुण्डीर 06.02.2016 | 13 क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत तहसील विकास नगर के कुछ ग्रामों के कृषकों की भूमि सन् 2003 में सरकार को निहित की गयी थी जबकि सरकार को उन कृषकों की भूमि निहित की जानी थी जिन्होने अपनी भूमि गोल्डन फॉरेस्ट को विक्रय की थी ? साथ ही साथ ऐसे कृषकों की भूमि भी सरकार को निहित कर दी गयी जिन्होने अपनी भूमि गोल्डन फॉरेस्ट को नहीं बेची थी और वे कृषक अपनी भूमि वापस लेने हेतु संघर्षरत हैं ? क्या सरकार द्वारा इस विषय पर कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 06.02.2016 | 14 क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत जो मालडूंग जलाशय की योजना सिंचाई हेतु दी गयी थी, उस पर कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री हरबंस कपूर 08.02.2016 | 15. राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में कार्यरत संग्रह अमीनों ने चार सूत्रीय मांग पत्र सरकार को दिया था ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त मांग पत्र को स्वीकार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री चन्दन राम दास 08.02.2016 | 16. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रधानमंत्री सड़क योजना में प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार धनराशि नहीं दे रही है ? यदि हां, तो प्रदेश सरकार राज्य सरकार की स्वीकृत सड़कों को लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित कर रही है? मंत्री जी पी0एम0जी0एस0वाई को पी0डब्लू0डी द्वारा हस्तान्तरित की गयी सड़कों का विगत 02 वर्षों का विवरण देने का कष्ट करेंगे ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री चन्दन राम दास 08.02.2016 | 17. **द्वितीय सोमवार के अतारांकित 75 में स्थानान्तरित** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा किसानों को कृषि के नुकसान पर मुआवजा दिया जा रहा है ? यदि हां, तो जनपद बागेश्वर में अभी तक कितने गांवों को मुआवजा दिया गया है तथा कितने गावों को मुआवजा दिया जाना शेष है तथा धनराशि सहित विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि अवशेष मुआवजा कितने समय में भुगतान किया जायेगा? | राजस्व |
| श्री चन्दन राम दास 08.02.2016 | 18. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री जी ने विगत समय में बागेश्वर में इन्जीनियरिंग कालेज खोलने की घोषणा की थी ? यदि हां, तो इन्जीनियरिंग कालेज कब तक अस्तित्व में आ जायेगा ? क्या मंत्री जी इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **प्रावधिक शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>08.02.2016 | 19. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत सीमा रिष्टना जिसकी आबादी लगभग 419 है, को मुख्य मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु वर्ष 2013 से स्वीकृति प्राप्त है जिसके निर्माण एवं डामरीकरण के लिए धन मानकपूर्ण होने उपरान्त भारत सरकार द्वारा दिया जाना था ? क्या मंत्री इस बात से भी अवगत हैं कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्थान पर इस मार्ग का निर्माण ग्राम सड़क योजना द्वारा कराये जाने की योजना विचाराधीन हे ? यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.02.2016 | 20. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत कोसी नदी के दाये पार्श्व में गर्जिया मन्दिर स्थित धर्मशाला एवं आवासीय/कार्यालय परिसर के पुनर्निर्माण के संबंध में क्या जिलाधिकारी नैनीताल के दिनांक 05 मार्च, 2013 के पत्र द्वारा आख्या सचिव मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन को प्रस्तुत की गई है ? क्या यह भी सत्य है कि गर्जिया मन्दिर का सुरक्षात्मक/सौन्दर्यीकरण का कार्य किये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 28 मई, 2012 को घोषणा संख्या 560/2012 द्वारा की गई है? यदि हां, तो उक्त घोषणा के कियान्वयन हेतु तब से अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा अधिशासी अभियन्ता कोसी निर्माण खण्ड–2, सिंचाई विभाग रामनगर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव रू0 198.39 लाख के आगणन पर की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.02.2016 | 21. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत मुख्य मार्ग से तुमड़ियाडाम तक आने जाने हेतु मार्ग का निर्माण किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 5416/मंत्री/8–सिंचाई/2014–15 दिनांक 21 दिसम्बर, 2014 में वर्णित तथ्यों एवं किए गए अनुरोध पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि मुख्य मार्ग से तुमड़ियाडाम तक आने जाने हेतु मार्ग का निर्माण कब तक किया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.02.2016 | 22. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ढेला नदी से ग्राम मालधन में ढेलेश्वर महादेव मन्दिर में बाढ सुरक्षा हेतु रूपये 14.48 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने के संबंध में मा0 मंत्री के पत्रांक 1681/पी0एस0/13 दिनांक 30.12.2013 के द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 के पत्र पर आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव सिंचाई विभाग को निर्देशित किये जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो सचिव सिचांई विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है ? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.02.2016 | 23. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम पीपलसामना, वीरपुर लच्छी एवं वीरपुर तारा में एक एक सिंचाई नलकूप का निर्माण ट्राईवल सवप्लान के अन्तर्गत प्राकलन की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में प्रश्नकर्ता के दिनांक 10.12.2012 के पत्र पर यथोचित कार्यवाही करने हेतु सचिव, सिंचाई को निर्देशित किये जाने की जानकारी दी गयी है ? यदि हां, तो अब तक हुयी प्रगति एवं कृतकार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित योजनाओं का निर्माण किया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.02.2016 | 24. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कलजीखाल के अन्तर्गत मरोड़ा बांध का निर्माण करवाए जाने के संबंध में मा0 मंत्री के पत्रांक 116/पी0एस0/वी0आई0पी0/13 दिनांक 15.01.2013 के द्वारा प्रश्नगत प्रकरण पर मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड को आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है? यदि हां, तो मुख्य अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित बांध का निर्माण किया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्री गणेश जोशी<br>09.02.2016 | 25. क्या खाद्य मंत्री अवगत हैं कि मसूरी में ए0पी0एल0 एवं खाद्य सुरक्षा योजना के कार्डधारकों को तय प्रति यूनिट खाद्यान्न आवंटन में कमी के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र मसूरी अन्तर्गत मसूरी शहर में कुल कितनी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों के माध्यम से कितने कार्डधारको को प्रति यूनिट के हिसाब से कितना खाद्यान्न आवंटित किया जा रहा है उसका सम्पूर्ण विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार, राज्य के समस्त जनपदों में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों मे जारी किये गये शासनादेश के अनुसार राशन का पूर्ण आवंटन करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्री गणेश जोशी<br>09.02.2016 | 26. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय ग्रामों में चकबंदी नहीं होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों से पिछले कई वर्षों में अधिक पलायन हो रहा है जिससे वहां पर कृषि कर रहे लोगों के लिए वह अपने आप में एक घाटे का सौदा बनी हुई है? क्या सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में चकबंदी की व्यवस्था को लागू करने पर विचार किया जायेगा एवं यदि इस संदर्भ में कोई प्रस्ताव अथवा कार्यवाही शासन स्तर पर हुई हो तो उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राजस्व** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 27. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत ढेला नदी की बाढ से होने वाले भूमि कटाव को रोकने के संबंध में वर्ष 2011–12 में दैवीय आपदा एवं समाज कल्याण विभाग को रूपये 78 लाख की योजना प्रेषित की गयी थी जिसमें आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है ? यदि हां, तो ढेला नदी की बाढ से होने वाले भूमि कटाव की रोकथाम हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा धनावंटन न किए जाने के कारण क्या है तथा वर्षा ऋतु में ढेला नदी की बाढ से भूमि के कारण होने वाली क्षति के प्रति कौन उत्तरदायी है ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 28. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के ग्राम तुमड़ियाडाम के लिए मार्ग निर्माण किये जाने के संबंध में मा0 मंत्री के पत्रांक 1690/पी0एस0/13 दिनांक 30.12.2013 के द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 21 दिसम्बर, 2013 के पत्र पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु मुख्य अभियन्ता (कुमांऊ) सिंचाई विभाग, हल्द्वानी को निर्देशित किये जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मार्ग का निर्माण किया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 29. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत टेडा गांव एवं भरतपुर, पम्पापुरी की बाढ सुरक्षा योजना के संबंध में अपर सचिव मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के पत्रांक वी0आई0पी0(एम)/3235/XXXV–1/2014(3) दिनांक 10 मार्च, 2014 के द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्र सचिव सिचांई विभाग, उत्तराखण्ड शासन को भेजे जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो सचिव, सिंचाई विभाग द्वारा उक्त संदर्भित योजनाओं के कियान्वयन के संबंध में की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित योजनाओं का निर्माण किया जायेगा ? | **सिंचाई** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 30. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** विधानसभा के द्वितीय सत्र 2011 के प्रथम बुधवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 2 तथा 12 के क्रम में क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत अपूर्ण पटवारी चौकियों के निर्माण कार्य को पूर्ण करवाने तथा इनमें पटवारी चौकियां/कर्यालय स्थापित/संचालित किए जाने के संबंध में तब से अब तक की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति का विवरण चौकीवार क्या है तथा कब से इन चौकियों के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करवाते हुए इनमें कार्यालय स्थापित/संचालित किए जाने की संभावना है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इन चौकियों के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करवाने तथा इनमें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी तथा उत्तरदायी के प्रति तब से अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? | राजस्व |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 31. | **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त पटवारी/कानूनगो चौकियो के जीर्णोद्वार/पुनर्निर्माण हतु धनराशि की स्वीकृति दिये जाने के संबंध में उत्तराखण्ड शासन, राजस्व अनुभाग–1 के पत्र संख्या 78801/XVIII(1)/2012 दिनांक 04 जुलाई, 2012 के द्वारा जिलाधिकारी नैनीताल को लिखा गया है ? यदि हां, तो जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है एवं उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब तक क्षतिग्रस्त चौकियों का जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण किए जाने की संभावना है ? क्या यह भी सत्य है कि इसी प्रकरण में आपके पत्रांक 994/पी0एस0/वी0आई0पी0/ दिनांक 11.06.2012 के द्वारा प्रमुख सचिव राजस्व को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रमुख सचिव राजस्व द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण क्या है? | **राजस्व** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 10.02.2016 | 32. | क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 01 नवम्बर, 2014 को खेल एवं सांस्कृतिक मंच कैम्पटी जौनपुर से पॉलिटैक्निकल कालेज की घोषणा करने के पश्चात आज तक शासनादेश नहीं हो पाया है ? क्या सरकार इसका शासनादेश करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 33. | **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन्य जीव बाहुल्य बाढ पीड़ित गांव चुकम, तहसील रामनगर को अन्यत्र बसाये जाने के संबंध में आपके पत्र संख्या 125/पी0एस0/वी0आई0पी/12 दिनांक 20.04.2012 के द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 12 अप्रैल, 2012 के पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी नैनीताल को भेजे जाने की जानकारी दी गयी है ? यदि हां, तो जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा की गई कार्यवाही और तब से अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा ग्राम चुकम को कब तक अन्यत्र बसाए जाने की संभावना है? | **राजस्व** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 34. | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट नेशनल पार्क की सीमा पर बसे गांव सुन्दरखाल के विस्थापन के संबंध में मा0 मंत्री के पत्रांक 695/पी0एस0/13 दिनांक 01.04.2013 के द्वारा प्रश्नकर्ता के दिनांक 13.03.2013 के पत्र पर आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी नैनीताल को निर्देशित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो उक्त संदर्भित प्रकरण पर जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक सुन्दरखाल गांव का विस्थापन किए जाने की सम्भावना है ? | **राजस्व** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 10.02.2016 | 35. | **न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत प्राचीन दुर्गा मन्दिर, मोहल्ला दुर्गापुरी, वार्ड न0 9 में नगरपालिका परिषद, रामनगर द्वारा मन्दिर प्रांगण के आगे भूमि में जबरन दूसरा पार्क निर्माण करवाए जाने के कारण जनमानस की धार्मिक भावनाओं/आस्थाओं पर ठेस पहुंचाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1450/विधायक/18–राजस्व/2014–15 दिनांक 08 मार्च 2015 पर जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा प्रत्यावेदन में वर्णित समस्या का कब तक निवारण किए जाने की सम्भावना है ? | राजस्व |
| श्रीमती अमृता रावत 11.02.2016 | 36. | **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल की तहसील पौड़ी के अन्तर्गत पटवारी चौकी कोलू का निर्माण कब किया गया है तथा इस चौकी के निर्माण हेतु स्वीकृत एवं व्यय की गयी धनराशि का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस चौकी पर अभी तक पटवारी कार्यालय स्थापित/संचालित न किये जाने के कारण क्या है और इसके प्रति कौन उत्तरदायी है तथा इस चौकी पर कब से पटवारी कार्यालय स्थापित/संचालित किया जायेगा ? | राजस्व |
| श्री दलीप रावत 11.02.2016 | 37. | क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पलैन नदी व मन्दाल नदी पर बाढ़ सुरक्षा हेतु चैक डैम व सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है ? यदि हां, तो आवंटित धनराशि कितनी है तथा उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 11.02.2016 | 38. | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत तहसील लोहाघाट पाटी बाराकोट को पूर्ण तहसील का दर्जा मिलने के पश्चात भी अब तक इन तहसीलों में जमीनों की रजिस्ट्री और भू अभिलेख का कार्य नहीं किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि भू अभिलेखों एवं रजिस्ट्री न होने से स्थानीय नागरिकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार इन तहसीलों में उक्त कार्य करने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 11.02.2016 | 39. | क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट नगरवासियों के द्वारा कोलीढेक झील निर्माण की मांग वर्षों से की जाती रही है जिसकी डी0पी0आर0 भी शासन में लम्बित पड़ी है? क्या सरकार कोलीढेक में झील का निर्माण करायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 11.02.2016 | 40. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विकास खण्ड लोहाघाट के ग्राम पंचायत चौडला में विकास कार्यों में धाधली की शिकायतें आयी हैं? उक्त ग्राम पंचायत में एक ही कार्य को विभिन्न मदों की धनराशि लेकर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जांच करायी गयी लेकिन अभी तक दोषियों के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी है? क्या सरकार दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 11.02.2016 | 41. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं, कि जनपद अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बन रहे ऐराड़ी बिष्ट–राम सिंह किचार मोटर मार्ग का निर्माण कार्य विगत कई वर्षों से चल रहा है, जो आज वर्तमान समय तक भी पूर्ण नहीं हो पाया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे, कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में कार्य पूर्ण करने की समय सीमा निर्धारित है? क्या सरकार ऐराड़ी बिष्ट–रामसिंह किचार मोटर मार्ग के निर्माण में हो रहे बिलम्ब की जॉच करायेगी, तथा दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 11.02.2016 | 42. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत दो वर्षों में सरकार द्वारा प्रदेश भर में कृषि को सिंचित किये जाने हेतु गूलों, सिंचाई हौज, हाईड्रम नलकूप, बोरिंग/पम्प सेट, आर्टीजन कूप आदि का निर्माण कराये गये हैं? यदि हॉ, तो विधान सभा क्षेत्रावार कहां–कहां निर्माण कार्य कराये गये हैं और कितनी भूमि सिंचित हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 11.02.2016 | 43. क्या सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत थत्यूड़ बाजार की नदी में बाढ सुरक्षा का कार्य स्वीकृत है? यदि हॉ, तो इसमें सरकार कार्य प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 15.02.2016 | 44. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत है कि जनपद चम्पावत के विकास खण्ड पाटी में गैस आपूर्ति हेतु गैस गोदाम वर्ष 1997 में निर्मित किया गया और अभी तक वहॉ पर से गैस की आपूर्ति उपभोक्ताओं को नहीं की जा रही हैं तथा पाटी में वर्ष 1997 में गैस गोदाम का निर्माण किया जा चुका है? क्या सरकार पाटी में गैस गोदाम को संचालित करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | खाद्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 15.02.2016 | 45. **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित –08 में स्थानान्तरित**<br>क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट नगर की भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? क्या सरकार मालिकाना हक दिलाने पर विचार कर रही है ? यदि हॉ तो क्या सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में कोई शासनादेश जारी किया गया है ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 15.02.2016 | 46. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2014 से 31 अगस्त, 2015 तक राज्य सरकार द्वारा किन–किन लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लिए गये हैं तथा वापस लेने के क्या कारण थे एवं उसका विवरण क्या है? यदि नहीं तो क्यों ? | **गृह** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 15.02.2016 | 47. क्या खाद्य मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में जनता के राशन कार्ड आज समय तक भी नहीं बने हैं, यहां तक कि 500 से ज्यादा बी0पी0एल0 और अन्त्योदय वाले भी राशन कार्ड से वंचित रखे गये है ? यदि हॉ तो क्या सरकार सभी के राशन कार्ड शीघ्र बनायेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 15.02.2016 | 48. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत वर्षों से निर्मित पटवारी/कानूनगो की चौकियां लावारिश स्थिति में पड़ी रहने के कारण धीरे धीरे क्षतिग्रस्त होने तथा इन चौकियों के निर्माण में रही त्रुटियों के निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 4667/मंत्री/18–राजस्व/2012–13 दिनांक 30 निवम्बर, 2012 के द्वारा जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को लिखा गया है ? यदि हां, तो जिलाधिकारी, गढ़वाल द्वारा पटवारी चौकियों के अवशेष कार्यों को पूर्ण करवाने तथा त्रुटियों का निवारण करवाने की दिशा में की गई कार्यवाही और अब तक हुयी प्रगति का चौकीवार विवरण क्या है तथा कब तक इन अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण पटवारी/कानूनगो चौकियों पर पटवारी कार्यालय स्थापित/संचालित किये जायेंगे? | राजस्व |
| श्रीमती ममता राकेश 15.02.2016 | 49. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि वर्ष 2013–14 में जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत भगवानपुर तहसील का गठन हुआ था, जिसका संचालन अस्थायी रूप से ब्लॉक के भवन में हो रहा है ? क्या यह सत्य है कि प्रशासन द्वारा तहसील के स्थायी भवन हेतु भूमि का चयन कर लिया गया था ? यदि हॉ, तो सरकार कब तक भवन निर्माण करेगी, जिससे स्थायी रूप से रजिस्ट्रार के बैठने से रजिस्ट्री आदि का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके?यदि नहीं तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्रीमती ममता राकेश 16.02.2016 | 50. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त** क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि आसामी पट्टी एवं श्रेणी –3 के पट्टों का मालिकाना हक दिलाने की जो घोषणा पूर्व में की गयी थी उसका शासनादेश अभी तक नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त केबिनेट में पास प्रस्ताव का शासनादेश शीघ्र करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री महन्त दलीप रावत 16.02.2016 | 51. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विगत वर्ष 2014–15 इससे पूर्व स्वीकृत सड़कों की निर्माण स्थिति व उनका विवरण क्या है ? क्या वर्ष 2014–15 से पूर्व स्वीकृत हुई सड़कों पर पूरा कार्य किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| महन्त दलीप रावत 16.02.2016 | 52. क्या ग्रामीण विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत वन रही किल्बोखाल–टकोलीखाल मार्ग के विगत पॉच वर्षों से अभी तक पूर्ण न होने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त मार्ग के निर्माण में हो रहे विलम्ब/अनियमितताओं की जॉच की जायेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **ग्रामीण विकास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 16.02.2016 | 53. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में नये जिलों का गठन किये जाने पर विचार कर रही हैं ? यदि हॉ तो क्या गठित किये जाने वाले जिलों में काशीपुर को जिला बनाया जाना प्रस्तावित है ? यदि नहीं तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 17.02.2016 | 54. **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित– 12 में स्थानान्तरित**<br>क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत तहसील लोहाघाट का उच्चीकरण किये जाने के दस वर्ष पश्चात भी जमीन की रजिस्ट्री लोहाघाट तहसील में न होकर जनपद चम्पावत में की जा रही है? क्या सरकार निबंधन कार्यालय खोलने पर विचार करेगी ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.02.16 | 55. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के उच्च हिमालयी क्षेत्र मल्ला दानपुर में खाद्यान्न भण्डार हेतु गोदाम निर्माणाधीन हैं ? यदि हां, तो निर्माणाधीन गोदाम कब तक तैयार होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खाद्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 17.02.16 | 56. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट में रेवती नदी की बाढ सुरक्षा हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0 616/2012 के अनुक्रम में रू0 781.09 लाख की योजना वर्ष 2013–14 में स्वीकृत की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि स्वीकृत योजना हेतु शासन से धनराशि अवमुक्त नहीं हो पायी है ? यदि हां, तो योजना हेतु स्वीकृत धनराशि कब तक अवमुक्त होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |
| डा0प्रेम सिंह राणा 17.02.16 | 57. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे, कि उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा के अन्तर्गत रनसाली नामक गांव को राजस्व गांव बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हॉ तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री डॉ प्रेम सिंह राणा 17.02.16 | 58. **द्वितीय मंगल के अतारांकित– 36 में स्थानान्तरित**<br>क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं, कि विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता में एक थारू विकास भवन की स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन वर्तमान समय तक थारू विकास भवन का कार्य प्रारम्भ भी नहीं हो सका है ? क्या सरकार नानकमत्ता में थारू विकास भवन का निर्माण शीघ्र करने जा रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ प्रेम सिंह राणा 18.02.16 | 59. **द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित– 11 में स्थानान्तरित**<br>क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे, कि जनपद उधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा में क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति महिला आई0टी0आई0 का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है ? यदि हॉ तो क्या सरकार मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणाओं के अनुसार अनुसूचित जनजाति महिला आई0टी0आई0 का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करेगी ? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री महन्त दलीप रावत 19.02.16 | 60. **निदेश संख्या–26(1) के अन्तर्गत उत्तरित होने के आधार पर निरस्त**<br>क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड के कुछ पटवारी चौकियों का निर्माण अधूरा है? यदि हॉ तो इसके क्या कारण है ? क्या सम्बन्धित अधिकारी इसके दोषी हैं? यदि हॉ तो क्या दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | **राजस्व** |
| श्री ललित फर्स्वाण 19.02.16 | 61. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 की कितनी मिसिंग लिंक सड़कें हैं ? क्या सरकार मिसिंग लिंक सड़कों को पूर्ण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री ललित फर्स्वाण 19.02.16 | 62. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नये विकास खण्ड सृजित करने की क्या नीति है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत चौड़ास्थल दुगनाकुरी व काण्डा को विकास खण्ड बनाये जाने को कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ? | **पंचायतीराज** |
| श्री ललित फर्स्वाण 19.02.16 | 63. क्या ग्रामीण निर्माण विभाग मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में ग्रामीण निर्माण विभाग के खण्डों में पदोन्नति के बाद इंजीनियरों व सहा0 इंनीनियरों के सापेक्ष कनिष्ठ अभियन्ता सिविल पदों में काफी कमी हो गई है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त खण्डों में स्वीकृत निर्माण कार्यों के संपादन हेतु कनिष्ठ अभियन्ता सिविल के पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ग्रामीण निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 17.02.16 | 64. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के टी0एच0डी0सी0 के द्वारा सी0एस0आर0 मद (02 प्रतिशत) रायल्टी का उपयोग डूब प्रभावित क्षेत्र में हो रहा है ? यदि हॉ तो कहॉ–कहॉ किया जा रहा है और कहॉ–कहॉ प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सिंचाई** |